U-130-Y

B. A. (Part-II) Examination, 2021

(For Non-Collegiate Candidates)

हिन्दी साहित्य

Paper - I

हिन्दी काव्य – 2

Time Allowed : **Three Hours**

Maximum Marks : **100**

This question paper contains three sections as under :

Section-A **खण्ड – अ** **Max. Marks - 10**

This section contains one compulsory question with 10 parts. Answer of each part should not exceed 20 words. All questions carry equal marks.

इस खण्ड में एक अनिवार्य प्रश्न है जिसमें 10 भाग हैं । प्रत्येक भाग का उत्तर लगभग 20 शब्दों से अधिक न हों । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

Section-B **खण्ड – ब** ***Max. Marks-50***

This section contains 10 questions or explanations. Attempt 5 questions or explanations in all, selecting one question or explanation from each unit. Answer of each question or explanation should not exceed 250 words. All questions or explanations carry equal marks.

इस खण्ड में 10 प्रश्न अथवा व्याख्या है । प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न अथवा व्याख्या का चयन करते हुये कुल 05 प्रश्नों अथवा व्याख्याएं के उत्तर दीजिये । प्रत्येक प्रश्न अथवा व्याख्या का उत्तर 250 शब्दों से अधिक न हो । सभी प्रश्नों अथवा व्याख्याएं के अंक समान है ।

https://www.uokonline.com

Section-C खण्ड – स Max. Marks-40

This section contains 04 questions (question may have sub-division). This section will cover all units but not more than one question from each unit. Attempt 2 questions in all. Answer of each question should not exceed 500 words. All questions carry equal marks.

इस खण्ड में 04 प्रश्न हैं, प्रश्न के भाग हो सकते है । इस खण्ड में एक इकाई से अधिकतम एक प्रश्न होगा । कुल दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों से अधिक न हों । सभी प्रश्नों के अंक समान है ।

1 सभी प्रश्न अनिवार्य हैं :

(क) केशव के आश्रयदाता राजा का नाम बताइए ।

(ख) बिहारी सतसई के दोहों की उपमा किससे दी गई है ।

(ग) घनानन्द के काव्य में कौनसी भाषा प्रयुक्त हुई है ।

(घ) भूषण की कविताओं में किस रस की प्रधानता है ।

(ङ) उद्धव शतक के कथानक का मूल स्रोत किसे माना है ।

(च) 'संपत्ति त्रिलोक की बिलोकन मैं आवै ना'
इस पंक्ति में कृष्ण को किसके समक्ष त्रिलोक की सम्पत्ति तुच्छ लग रही है ।

(छ) रीतिकाल का श्रेष्ठ अलंकारवादी कवि कौन है ।

(ज) रीतिकालीन कवियों ने नारी को किस रूप में चित्रित किया है ।

(झ) आचार्य भरत ने रस सूत्र को उपस्थित करते हुए रस निष्पत्ति या रस सिद्धान्त का प्रतिपादन करने वाला सूत्र लिखिए ।

(ञ) प्रमुख काव्य गुण कौनसे हैं । नाम बताइए ।

https://pyqlelo.com

खण्ड – ब

इकाई – I

सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

2 पूरण पुराण अरू पुरुष पुराण परि–
पूरण बतावैं न बतावैं और उक्ति कों ।
दरशन देत जिन्हें दरशन समुझैं न,
नेति नेति कहैं वेद छाँड़ि आन युक्ति कों ।
जानि यह केशो'दास अनुदिन राम–राम
रटत रहत न डरत पुनरुक्ति कों ।

3 कहत, नटत, रीझत, खिझत, मिलत, खिलत, लजियात ।
भरै भौन में करतु हैं नैननु ही सों बात ॥
तजि तीरथ हरि–राधिका–तन–दुति करि अनुरागु ।
जिहिं ब्रज–केलि–निकुंज–मग पग–पग होत प्रयागु ॥

इकाई – II

4 रावरे रूप की रीति अनूप, नयो नयो लागत ज्यौं–ज्यौं निहारियै ।
त्यौं इन आँखिन बानि अनोखी, अघानि कहूँ नहिं आनि तिहारियै ।
एक ही जीव हु तौ सु तौ वार्‌यौ, सुजान सकोच ओ सोच सहारियै ।
रोकी रहै न दहै घनआनंद बावरी रीझ के हाथनि हारियै ।

5 साजि चतुरंग सेन अंग मैं उमंग धारि,
सरजा सिवाजी जंग जीतन चलत हैं ।
'भूषन' भनत नाद बिहद नगारन के,
नदी–नद मद गैबरन के रलत हैं ।
ऐल फैल खैल भैल खलक में गैल–गैल,
गजन की ठेल–पेल सैल उलसत हैं ।

इकाई – III

6 राधा मुख–मंजुल–सुधाकर के ध्यान ही सौं
प्रेम–रतनाकर हियैं यौं उमगत है ।
त्यौं ही बिरहातप प्रचंड सौं उमड़ि अति
ऊरध उसास कौ झकौर यौं जगत है ॥
केवट विचार कौ बिचारै- पचि हारि जात
होत गुन–पाल ततकाल नभ–गत है ।
करत गंभीर धीर–लंगर न काज कछू
मन को जहाज डगि डूबन लगत है ॥

7 प्रेम–मद छाके पग परत कहाँ के कहाँ
थाके अंग नैननि सिथिलता सुहाई है ।
कहै रतनाकर यौं आवत चकात ऊधौ
मानौ सुधियात कोऊ भावना भुलाई है ॥
धारत धरा पै ना उदार अति आदर सौं
सारत बँहोलिनि जो आँस–अधिकाई है ।
एक कर राजै नवनीत जसुदा को दियो
एक कर बंसी बर राधिका–पठाई है ॥

https://www.uokonline.com

इकाई – IV

8 रीतिकाल के नामकरण पर विचार व्यक्त कीजिए ।

9 रीतिकाल की रीतिमुक्त काव्य धारा पर संक्षेप में प्रकाश डालिए ।

इकाई – V

10 काव्य रीतियों को उदाहरण सहित स्पष्ट करें ।

11 विभाव, अनुभाव और संचारी भाव का स्वरूप बतलाइए ।

खण्ड – स

12 'बिहारी के काव्य में श्रृंगार, नीति और भक्ति की त्रिवेणी प्रवाहित हुई है ।' इस कथन की समीक्षा कीजिए ।

13 वीर सतसई के आधार पर सूर्यमल मिश्रण की काव्यगत विशेषताएँ सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

14 उद्धव शतक की कथावस्तु समझाकर [illegible] विशेषताएँ लिखिए ।

15 रीतिकाल की प्रवृत्तियों

U